Seat No. : _______________

DE-113

December-2018

B.Ed., Sem.-I

B-102 : Hindi

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

निर्देश : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं, विकल्प आंतरिक हैं ।
(2) दायीं ओर के अंक गुणभार दर्शाते हैं ।
(3) अनावश्यक लेखन क्षतियुक्त माना जाएगा ।

1. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) सामान्य और विशिष्ट हेतु किसे कहते हैं ? दैनिक इकाई शिक्षा में उसका क्या महत्त्व है ?

(2) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी भाषा का महत्त्व स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(1) भाषा की परिभाषा देकर भाषा की विशेषताएँ समझाइए ।

(2) अहिन्दी भाषी छात्रों को राष्ट्रभाषा की शिक्षा देने के लिए क्या प्रबन्ध है ? चर्चा करते हुए पातेदार समिति के सुझाव समझाइए ।

(ब) निम्नलिखित **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**

(1) भाषा की परिभाषा पाणिनि के अनुसार क्या है ?

(2) किस कमिशन ने हिन्दी के अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व को स्पष्ट करने का प्रयत्न किया ?

(3) त्रिभाषा सूत्र की रचना किस साल में हुई ?

(4) हिन्दी का स्थान दूसरे क्रम में कौन सी कक्षा तक अनिवार्य है ?

(5) हिन्दी भाषा की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है ?

(6) भाषा का सीमित अर्थ क्या है ?

2. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) सूक्ष्म शिक्षण की संकल्पना स्पष्ट करते हुए सूक्ष्म शिक्षण के सोपानों की चर्चा कीजिए ।

(2) पाठ आयोजन का महत्त्व लिखते हुए पाठ आयोजन तैयार करते समय आप किन बातों को ध्यान में रखेंगे ?

अथवा

(1) व्याख्यान पद्धति की संकल्पना, महत्त्व और मर्यादाएँ लिखिए ।

(2) प्रबलन कौशल के घटकों की चर्चा करते हुए प्रबलन करते समय कौन-कौन सी बातों का ख्याल रखना चाहिए ?

@geniusguruji

(ब) निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3**

(1) श्यामपट कौशल का अर्थ लिखिए।

(2) निगमन पद्धति किसे कहते हैं ?

(3) पाठ आयोजन के प्रकार बताइए।

(4) एलन ड्वाइट किस यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक थे ?

(5) सिम्युलेशन के कोई दो सोपान लिखिए।

3. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) 'उठो धरा के अमर सपूतों' काव्य का भावार्थ लिखिए।

(2) हिन्दी के महान सम्राट मुन्शी प्रेमचन्द का जीवन एवम् साहित्य संबंधी परिचय दीजिए।

अथवा

(1) 'न्यायमंत्री' कहानी के आधार पर सम्राट अशोक का पात्रालेखन कीजिए।

(2) कवि सूरदास का विस्तार से परिचय दीजिए।

(ब) निम्नलिखित **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**

(1) बालकृष्ण हाथ में क्या लिए सुशोभित हैं ?

(2) प्रेमचन्दजी उर्दू भाषा में किस नाम से लिखा करते थे ?

(3) "कोई अपराधी दंड से न बचेगा" – इस उक्ति के वक्ता कौन हैं ?

(4) 'ईदगाह' कहानी में हामिद की दादी का नाम क्या था ?

(5) सूरदास किस धारा के कवि माने जाते हैं ?

(6) 'आँखे खोल देना' – मुहावरे का अर्थ दीजिए।

4. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) संज्ञा किसे कहते हैं ? संज्ञा के भिन्न-भिन्न प्रकार सोदाहरण समझाइए।

(2) उच्चारण के अनुसार वर्णों का वर्गीकरण कीजिए।

अथवा

(1) प्रकृति के आधार पर शब्द भेद कौन-कौन से हैं ? व्युत्पन्न शब्द के भेद सविस्तार लिखिए।

(2) विकारी पद और अविकारी पद किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइए।

(ब) निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3**

(1) हिन्दी भाषा में स्वरों की संख्या कितनी है ?

(2) सर्वनाम किसे कहते हैं ?

(3) दंतौष्ठ्य में समाविष्ट वर्ण कौन से हैं ?

(4) निपात का अर्थ लिखिए।

(5) 'रमेश बहुत दौड़ना चाहता था।' – विशेषण का प्रकार बताइए।

@geniusguruji